और अधिक नियंत्रण एवं संतुलन बनाए रखने को प्रारम्भ करने के उपाय के रूप में परीक्षा व्यवस्था की पूर्ण गोपनीयता एवं सत्यनिष्ठा बनाए रखने के लिए, बाहरी केंद्रों के प्रश्न-पत्रों को अब भारतीय स्टेट बैंक की शाखाओं की सुरक्षित अभिरक्षा में रखा जाता है। छद्म व्यक्तित्व के किसी भी प्रकार के मामले से बचने के लिए प्रवेश परीक्षा के दौरान सभी उम्मीदवारों के डिजीटल फोटोग्राफ तथा अंगूठे का निशान लिया जाता है। इसके अलावा परीक्षा केन्द्र की मुख्य प्रवेश परीक्षा के समय प्रत्येक प्रत्याशी की शारीरिक जांच आरंभ की गई है ताकि परीक्षा के दौरान इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के उपयोग की रोकथाम की जा सके।

परीक्षा अनुभाग ने जनवरी 2010 से विभिन्न प्रवेश परीक्षाओं हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित करने के लिए ऑन लाइन आवेदन सिस्टम प्रारंभ किया है। उम्मीदवार अब ऑन लाइन आवेदन कर सकते हैं और अपने प्रवेश पत्र इंटरनेट से डाउनलोड करके प्राप्त कर सकते हैं। यह प्रोस्पेक्ट्स तथा आवेदन पत्र प्राप्त करने की कठिनाई से उबरने के लिए किया गया है, जिसके बारे में समय समय पर प्रत्याशियों द्वारा सूचित किया गया। आवेदन पत्रों को जमा करने की ऑनलाइन विधि आरंभ होने के बाद अब प्रोस्पेक्ट्स-सह-आवेदन पत्र की अनुलब्धता की समस्या का पूरी तरह समाधान कर दिया है।

परीक्षा अनुभाग द्वारा भारत और विदेश में विभिन्न विश्वविद्यालयों और संस्थानों को उनकी प्रवेश परीक्षाएं आयोजित करने के लिए तकनीकी विशेषज्ञता भी प्रदान की जाती है।

अखिल भारतीय स्नातकोत्तर प्रवेश परीक्षा में, प्रत्येक उम्मीदवार को लिखने के लिए पेन उपलब्ध करवाया गया। ऐसा उनके द्वारा लाए जाने वाले अपने पेन में निर्मित किसी इलेक्ट्रॉनिक विशेषता के उनके द्वारा प्रयोग किए जाने को रोकने हेतु किया गया था।

परीक्षा के दौरान उम्मीदवार की पहचान की प्रामाणिकता में संदेह होने के मामले में उनकी फोटोग्राफी (स्नेपशॉट) की जा रही है।

नामित परीक्षा केंद्रों को अग्रिम में डिमांड ड्राफ्ट / बैंकर्स चैक के माध्यम से 90 से 95 प्रतिशत राशि भेजकर नकद राशि के लेन-देन को कम कर दिया गया है।

5. सामान्य प्रशासन

उप-निदेशक (प्रशासन)

शरत चौहान, आईएएस (25.05.2010 तक)

विनीत चौधरी (26.05.2010 से)

मुख्य प्रशासन अधिकारी

अतर सिंह

वरिष्ठ प्रशासन अधिकारी

ई. लाकड़ा

के. के. वैद्य

प्रशासन अधिकारी

अस्पताल

कुंदन कुमार

भर्ती एवं छात्रावास

रवि चौहान

जे. पी. एन. ए. ट्रॉमा केंद्र

राजावेलू सईमन (06.12.2010 तक)

सामान्य, संपदा एवं परिवहन

वी. वी. मिश्रा

ए.सी.आर./एस.सी./एस.टी. एवं समन्वय प्रकोष्ठ

ए. के. निम

विधि प्रकोष्ठ

भागीरथ झा

संकाय प्रकोष्ठ / स्था. अनुभाग I एवं II

ललित कुमार

धीरज (25.03.2011 से)

सहायक प्रशासन अधिकारी

एन.डी.डी.टी.सी.

उदय सिंह

सीटी और एनएस केंद्र

श्याम लाल

सीडीईआर

नरेंद्र कुमार

जेपीएनएटी केंद्र

महेश कुमार शर्मा

सुरक्षा

उप-मुख्य सुरक्षा अधिकारी

राजीव लोचन

आर.एस. रावत (11.01.2011 से)

सुरक्षा अधिकारी

दीपक कुमार

भंडार

भंडार अधिकारी

आर.एल.प्रसाद (31.01.2011 से निलम्बनाधीन)

एस.एस.भदौरिया

प्रदीप कुमार गुप्ता

के.डी.शर्मा

वी.एम.एस. गांधी

इंजीनियरी सेवा विभाग

अधीक्षण अभियंता

बी. एस. आनंद

कार्यकारी अभियंता

एम. रस्तोगी

एस. भास्कर

संस्थान के कार्मिक एवं स्थापना, सुरक्षा, संपदा, इंजीनियरी सेवा विभाग से संबंधित मामले, भंडार, सतर्कता एवं जनसंपर्क क्रियाकलापों सहित सामान्य प्रशासन का पर्यवेक्षण उप-निदेशक (प्रशासन) द्वारा किया जाता है। उपर्युक्त वर्णित क्षेत्रों की देखभाल करने के लिए विभिन्न शाखाएं हैं। प्रत्येक शाखा का नेतृत्व एक वरिष्ठ अधिकारी द्वारा सहायक अधिकारियों और स्टाफ सदस्यगण की सहायता से किया जाता है। इन शाखाओं की गतिविधियों का एक संक्षिप्त विवरण नीचे दिया गया है।

स्टाफ की नियुक्ति, सांविधिक समितियों की बैठकों की व्यवस्था, संपदा एवं सम्पत्ति प्रबंधन, उपकरण, सामग्री एवं उपभोज्यों की खरीद, सुरक्षा व्यवस्था, कर्मचारियों के कल्याण सहित स्थापना अनुभाग और सामान्य प्रशासन से संबद्ध सभी मामलों की देखभाल इस अनुभाग द्वारा की जाती है।

मुख्य अस्पताल, सभी केन्द्रों तथा प्रशासन सहित संस्थान की कुल स्वीकृत स्टाफ की संख्या 10422 है। इनमें निम्नलिखित सम्मिलित हैं :-

क्र. सं.	श्रेणी/समूह	स्वीकृत संख्या	वर्तमान स्टाफ
1.	संकाय	629	434
2.	समूह 'क'	548	407
3.	समूह 'ख'	4,646	3,792
4.	समूह 'ग'	2,710	1,953
5.	समूह 'घ'	1,889	2,207
	कुल	**10,422**	**8,793**

संपर्क अधिकारी का कार्यालय, अनु. जाति / अनु. जनजाति प्रकोष्ठ (एम्स)

संपर्क अधिकारी

वी. के. पॉल

प्रशासनिक अधिकारी

ए. के. निम

दिनांक 1.4.2010 को 31.3.2011 की अवधि के दौरान प्राप्त अभ्यावेदनों के विवरण निम्नानुसार हैं :

प्राप्त कुल अभ्यावेदन : 11

सुलझाए / निपटाए गए मामले : 07

विचाराधीन मामले : 04

मामलों का संक्षिप्त सारांश इस प्रकार है :

1. श्री घनश्याम डागर, ओटी तकनीशियन की ओर से परिणामी लाभ सहित पिछली तिथि से पदोन्नति के विषय में एक अभ्यावेदन प्राप्त हुआ था। उनके अभ्यावेदन पर संस्थान द्वारा कई बार विचार / जांच की गई है और संस्थान के निर्णय के संबंध में अनु. जाति / अनु. जनजाति (लोक सभा) कल्याण संसदीय समिति को पहले से सूचित कर दिया गया है।
2. डॉ. चौवफी चेन रपथाप, वैज्ञानिक, एचएलए लैब, एम्स से पुनः नियुक्ति (वैज्ञानिक-2 अनु. जनजाति श्रेणी) के विषय में अभ्यावेदन प्राप्त हुआ था। उनके अनुरोध पर सक्षम प्राधिकारी द्वारा विचार किया गया था। किंतु इस तथ्य को ध्यान रखते

हुए कि उन्होंने 02.12.05 अर्थात लगभग साढ़े चार वर्ष पूर्व, संस्थान की सेवा से त्यागपत्र दे दिया था, इस पर खेद व्यक्त किया गया कि उनके अनुरोध को नहीं माना जा सकता, क्योंकि यह नियमों के तहत अनुमत नहीं है।

3. राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग से डॉ. बृह्म प्रकाश, पर्यवेक्षक एमएसएसओ, एनडीडीटीसी, एम्स का उनकी पदोन्नति के विषय में एक अभ्यावेदन प्राप्त हुआ। मामला विचाराधीन है।

4. एम्स अनु. जाति / अनु. जनजाति कल्याण संघ से सेवा श्री अवध नारायण, खलासी (तदर्थ) के नियमितीकरण में समानता के विरुद्ध भेदभाव के विषय में अभ्यावेदन प्राप्त हुआ। मामला विचाराधीन है।

5. श्री ओम प्रकाश बेनवाल, वरिष्ठ स्टूवर्ड, डॉ. आर पी केंद्र, एम्स की ओर से उन्हें 4500-7000 रु. के स्थान पर 5500-9000 रु. के वेतन मान में नियत करने के विषय में एक अभ्यावेदन प्राप्त हुआ। सक्षम प्राधिकारी द्वारा उनके अभ्यावेदन पर विचार किया गया था और स्थायी वित्त समिति तथा शासी निकाय द्वारा वित्त मंत्रालय (व्यय विभाग) की सहमति के अधीन प्रस्ताव को अनुमोदित किया गया। तद्नुसार यह मामला स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय को भेजा गया और इसे स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा स्वीकार नहीं किया गया।

6. डॉ. वी सुब्रमणि, वरिष्ठ चिकित्सा फिजिसिस्ट और विकिरण सुरक्षा अधिकारी, विकिरण उपचार विभाग, एम्स के लिए राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग द्वारा उनके नाम को पूरे देश में डॉ. जी के रथ, विभाग अध्यक्ष, विकिरण उपचार और प्रमुख, डॉ. बी आर ए आई आर सी एच, एम्स द्वारा देश भर में सभी चिकित्सा फिजिसिस्ट और विकिरण अर्बुद विज्ञान व्यावसायिकों के बीच अप्रतिष्ठित करने के विषय में एक अभ्यावेदन प्राप्त हुआ कि वे अनुसूचित जाति से हैं। मामले की जांच सक्षम प्राधिकारी द्वारा की गई और पाया गया कि विभाग में किसी भी चरण पर किसी व्यक्ति द्वारा डॉ. बी सुब्रमाणि के खिलाफ किसी भेदभाव, पूर्वाग्रह या पक्षपात नहीं किया गया है। वे डॉ. जी के रथ के खिलाफ उनके सहकर्मियों की शिकायत पर उनके खिलाफ की गई जांच से प्राधिकारियों का ध्यान हटाने के लिए ये झूठ आरोप लगा रहे थे।

7. श्री राम नरेश, कनिष्ठ अभियंता (सिविल) का अभ्यावेदन एम्स अनु. जाति / अनु. जनजाति कल्याण संघ (पंजी.) से प्राप्त हुआ जिसमें उन्हें आरक्षित पद की तुलना में सहायक अभियंता (सिविल) के पद पर पदोन्नत करने का अनुरोध किया गया था। यह मामला विचाराधीन है।

8. श्री मेहर चंद, अंशकालिक सामाजिक मार्गदर्शक हृद. तंत्रिका केंद्र, एम्स का अभ्यावेदन राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग की ओर से उनकी नौकरी बहाल करने के विषय में प्राप्त हुआ। उनके अभ्यावेदन की जांच की गई और पाया गया कि उनके खिलाफ एक शिकायत थी और उनकी निष्पादन रिपोर्ट भी असंतोषजनक पायी गयी। उनके असंतोषजनक कार्य और आचरण के आधार पर उनकी सेवाएं नियुक्ति पत्र के अनुच्छेद संख्या 2 (आई) के तहत समाप्त की गई थीं।

9. सुश्री अनिता यश, सिस्टर ग्रेड 2, एम्स की ओर से उत्पीड़न के आरोप का एक अभ्यावेदन प्राप्त हुआ। यह मामला विचाराधीन है।

10. श्री एम ए लवी राज, चिकित्सा फिजिसिस्ट, आईआरसीएच, एम्स का अभ्यावेदन डॉ. बी सुब्रमणि, वरिष्ठ चिकित्सा फिजिसिस्ट, एम्स द्वारा उत्पीड़न के विषय में राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग की ओर से प्राप्त हुआ। सक्षम प्राधिकारी द्वारा मामले की जांच की गई और उपाध्यक्ष, राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के निर्देश पर इस मामले में कार्रवाई भी की गई।

11. डॉ. बी सुब्रमणि, वरिष्ठ चिकित्सा फिजिसिस्ट, विकिरण सुरक्षा अधिकारी, आईआरसीएच, एम्स की ओर से राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के माध्यम से उत्पीड़न के विषय में एक अभ्यावेदन प्राप्त हुआ। मामले की जांच सक्षम प्राधिकारी द्वारा की गई और पाया गया कि विभाग में किसी भी चरण पर किसी व्यक्ति द्वारा डॉ. बी सुब्रमाणि के खिलाफ किसी भेदभाव, पूर्वाग्रह या पक्षपात नहीं किया गया। वे अपने सहकर्मियों की शिकायतों की जांच से प्राधिकारियों का ध्यान हटाने और अपने पक्ष में निर्णय करने के लिए दबाव डालने की कोशिश कर रहे थे। उनके अभ्यावेदन में लगाए गए आरोप पूरी तरह असत्य और आधारहीन थे।

6. मुख्य अस्पताल

चिकित्सा अधीक्षक

डी.के. शर्मा

अपर आचार्य

सिद्धार्थ सतपति

सह-आचार्य

आई.बी.सिंह

संजय आर्य

बिस्तरों	संख्या
मुख्य अस्पताल तथा प्राइवेट वार्ड्स	**1045**
बेसिनेट्स	**25**
हद् तंत्रिका केंद्र	**411**

अस्पताल कार्य निष्पादन विवरण	**2010-11**		**2009-10**		**टिप्पणियां**
	मुख्य अस्पताल	**हृ. तं. कें. अस्पताल**	**मुख्य हृ. तं. कें.**	**हृ. तं. कें.** बिस्तरों का	
अस्पताल में ठहरने की औसतन अवधि (दिनों में)	5.3	7.3	5.	7.3	प्रभावी उपयोग दर्शित होता है।
औसत बिस्तर अधिभोग दर (%)	80.9	77.6	80.7	79.9	प्रभावी अधिभोग दर्शाता है।
शुद्ध मृत्यु दर (%)	2.6	4.1	2.7	4.4	अस्पताल में गंभीर रूप से बीमार रोगियों की अधिक संख्या में भर्ती के बावजूद निम्न मृत्यु-दर को दर्शाते हैं
संयुक्त अशोधित संक्रमण दर (%)	8.1	-	8.69	-	

कृपया विवरण हेतु तालिका 1 एवं 2 देखें।

चिकित्सा अभिलेख सेवाएं (अस्पताल)

मुख्य चिकित्सा अभिलेख अधिकारी और उप-रजिस्ट्रार, जन्म एवं मृत्यु

एन.के.शर्मा

शिक्षा

निम्नलिखित विद्यार्थी समूहों ने चिकित्सा अभिलेख अनुभाग (मुख्य अस्पताल) और बाह्य रोगी विभाग का दौरा किया।

1. क्रिश्चियन मेडिकल कॉलेज, वेल्लौर, तमिलनाडु में चिकित्सा अभिलेख विज्ञान पाठ्यक्रम में स्नातक, 7 अप्रैल 2010
2. सेंट स्टीफन अस्पताल, नई दिल्ली से चिकित्सा अभिलेख तकनीशियन पाठ्यक्रम 30 अप्रैल 2010
3. कॉलेज ऑफ नर्सिंग, एम्स के एम.एस.सी. (पी.सी.) के 18 नर्सिंग और बी.एससी (पीसी) नर्सिंग छात्रों के एक समूह ने चिकित्सा अभिलेख अनुभाग (मुख्य अस्पताल) का दौरा किया। श्री एन.के. शर्मा, मुख्य चिकित्सा अभिलेख अधिकारी द्वारा दिनांक 21 अप्रैल 2010 और 6 अगस्त 2010 को एम्स में चिकित्सा अभिलेख प्रबंधन पर एक संक्षिप्त व्याख्यान दिया गया।

डॉ. वी.सी. अग्रवाल, सीएमओ, मेडिकल रिकॉर्ड विभाग, सफदरजंग अस्पताल ने चिकित्सा अभिलेख अनुभाग (मुख्य अस्पताल) का दौरा किया और उन्हें अनुभाग की कार्यवाही के बारे में सूचना दी गई।

न्यायालय में उपस्थिति :

दिल्ली तथा दिल्ली से बाहर के विभिन्न न्यायालयों से चिकित्सा अभिलेख अनुभाग (मुख्य अस्पताल) में कुल 1149 सम्मन (औसतन 4 सम्मन प्रतिदिन) प्राप्त हुए।

चिकित्सा अभिलेखों का कम्प्यूटरीकरण :

मुख्य अस्पताल के केंद्रीय भर्ती कार्यालय तथा अस्पताल पूछताछ कार्यालय का कम्प्यूटरीकरण किया गया है। चिकित्सा अभिलेखों का कम्प्यूटरीकरण प्रगति पर है और इसे जल्दी ही केंद्रीय भर्ती कार्यालय तथा अस्पताल पूछताछ कार्यालय के साथ जोड़ा जाएगा।

अंतरंग रोगी सेवाएं

अस्पताल देश भर से तथा विदेश से आने वाले रोगियों की निरंतर बढ़ती संख्या के बावजूद रोगी उपचार सेवा तथा गुणवत्ता को बनाए हुए है। वर्ष के दौरान मुख्य अस्पताल तथा हृद तंत्रिका केंद्र की विभिन्न नैदानिक यूनिटों में कुल 89,298 रोगियों को भर्ती किया गया था (तालिका 1)। विभाग-वार, राज्य-वार तथा। लिंग-वार भर्ती का विवरण तालिका 2 से 4 में दिया गया है। वर्ष 2010 - 2011 के दौरान, विभिन्न शल्यक विधाओं में निष्पादित किए गए कुल ऑपरेशनों की संख्या तालिका - 5 में दी गई है।

अभिलेखों को आसानी से खोजने के लिए क्रमबद्ध तरीके से वर्गीकृत एवं श्रेणी बद्ध किया जाता है। इन अभिलेखों को कम्पेक्टर्स में भंडारित किया जाता है। हृद तंत्रिका केंद्र के सभी अंतः रोगियों के रिकॉर्ड का रख-रखाव भी मुख्य अस्पताल के चिकित्सा अभिलेख अनुभाग द्वारा किया जाता है।

केंद्रीय भर्ती कार्यालय एवं अस्पताल पूछताछ :

अस्पताल में भर्ती किए गए रोगियों का चिकित्सा अभिलेख केंद्रीय भर्ती कार्यालय में प्रारंभ होता है जो कि पूछताछ पटल के रूप में भी कार्य करता है। रोगियों, विभागों, डॉक्टरों तथा केंद्रों से संबंधित सभी प्रकार की जानकारी इस कार्यालय द्वारा प्रदान की जाती है।

यह कार्यालय वर्ष भर चौबीसों घण्टे अर्थात् 365 दिन X24 घण्टे कार्य करता है। इसलिए यहां पर स्टाफ शिफ्ट में कार्य करता है। इस कार्यालय में स्वागत अधिकारी चिकित्सा अभिलेख तकनीशियन तथा अन्य लिपिकीय एवं अस्पताल स्टाफ कार्यरत हैं।

बहिरंग रोगी विभाग एवं विशिष्टता निदानशालाएं

मुख्य अस्पताल के सामान्य बहिरंग रोगी विभाग तथा विशिष्टता निदानशालाओं में कुल 1,465,058 रोगी उपचार हेतु आए। बहिरंग रोगी भार का विवरण तालिका-6 में दिया गया है।

तालिका 1 वार्षिक सांख्यिकी स्वास्थ्य बुलेटिन (2010-11)

क्र.सं.	विवरण	मुख्य अस्पताल	हृद तंत्रिका केंद्र	कुल
1.	कुल भर्ती किए गए रोगी	72148	17150	89298
	क. वयस्क एवं बच्चे	69878	-	-
	ख. नवजात शिशु	2270	-	-
2.	अस्पताल से डिस्चार्ज हुए रोगियों की कुल सं.	63510	15781	79291
	क. वयस्क एवं बच्चे	61442	-	-
	ख. नवजात शिशु	2068	-	-
3.	उपचार के कुल दिन	337861	114753	452614
	क. वयस्क एवं बच्चे	322427	-	-
	ख. नवजात शिशु	15434	-	-
4.	ठहरने की औसत अवधि (एएलएस)	5.3	7.3	5.7
	क. वयस्क एवं बच्चे	5.2	-	-
	ख. नवजात शिशु	7.5	-	-
5.	अस्पताल में रोगी उपचार दिनों की कुल संख्या (प्रतिदिन की गणना के अनुसार)	315950	116415	432365
	क. वयस्क एवं बच्चे	312270	-	-
	ख. नवजात शिशु	3680	-	-
6.	रोगियों की दैनिक औसत संख्या (प्रतिदिन की गणना के अनुसार)	866	319	1185
	क. वयस्क एवं बच्चे	856	-	-
	ख. नवजात शिशु	10	-	-
7.	औसत बिस्तर अधिभोग (प्रतिशत)	80.9	77.6	80.0
	क. वयस्क एवं बच्चे	81.9	-	-
	ख. नवजात शिशु	40.0	-	-
8.	अस्पताल में जन्म	2270	-	2270
	क. बालक शिशु	1214	-	1214
	ख. बालिका शिशु	1056	-	1056
	ग. इंटर सेक्स	-	-	-
9.	कुल मृत्यु (नवजात शिशु सहित)	2586	853	3439
	क. 48 घण्टे के भीतर मृत्यु	963	216	1179
	ख. 48 घण्टे के बाद	1623	637	2260
	ग. सकल मृत्यु दर (प्रतिशत में)	4.1	5.4	4.3
	घ. शुद्ध मृत्यु दर (प्रतिशत में)	2.6	4.1	2.9
10.	आपातकालीन में उपस्थित रोगी	104084	-	104084
	आपातकालीन में मृत्यु	738	-	738
	आपातकालीन में पहले से मृत शरीर लाए गए रोगी	553	-	553

तालिका 2 विभाग वार वर्गीकरण, छुट्टी और मृत्यु दर (मुख्य अस्पताल + हृद तंत्रिका केंद्र)

विभाग	दाखिले	अस्पताल से छुट्टी	उपचार के दिन अवधि	ठहरने की औसत के	मृत्यु			शुद्ध मृत्यु दर (%)	
					कुल भीतर	48 घण्टे के	48 घण्टे बाद	सकल	शुद्ध
कायचिकित्सा 1	1548	1382	11705	8.5	352	167	185	25.5	15.2
कायचिकित्सा 2	1328	1200	9950	8.3	330	144	186	27.5	17.6
कायचिकित्सा 3	1447	1332	11553	8.7	370	166	204	27.8	17.5
शल्यचिकित्सा 1	1359	1208	8475	7.0	25	3	22	2.1	1.8
शल्यचिकित्सा 2	2285	1822	13009	7.1	36	3	33	2.0	1.8
शल्यचिकित्सा 3	968	858	8676	10.1	29	8	21	3.4	2.5
शल्यचिकित्सा 4	1622	1398	9656	6.9	23	7	16	1.6	1.1
अस्थिरोगविज्ञान 1	1990	1690	13436	7.9	03	-	03	0.2	0.2
अस्थिरोगविज्ञान 2	2084	1728	15594	9.0	06	-	06	0.3	0.3
प्रसूती एवं स्त्रीरोग विज्ञान 1	3974	3519	17086	4.8	09	01	08	0.2	0.2
प्रसूति एवं स्त्रीरोग विज्ञान 2	3159	2774	13909	5.0	04	01	03	0.1	0.1
प्रसूति एवं स्त्रीरोग विज्ञान 3	3147	2802	14731	5.2	14	03	11	0.5	0.4
वृक्कविज्ञान	5122	4432	16248	3.7	171	43	128	3.8	2.9
अंतःस्राविकी	498	475	7832	16.5	09	01	08	1.9	1.7
जठरांत्र रोग विज्ञान	2464	2248	17868	7.9	432	172	260	19.2	12.5
रुधिरविज्ञान	9428	8562	22469	2.6	244	79	165	2.8	1.9
मनोचिकित्सा	326	223	6132	27.5	02	01	01	0.9	0.4
मूत्ररोग विज्ञान	5284	3665	14938	4.1	14	05	09	0.4	0.2
ऑटोलेरिन्जो. 1	1476	1352	4967	3.7	05	01	04	0.4	0.3
ऑटोलेरिन्जो. 2	1339	1231	4846	3.9	04	01	03	0.3	0.2
ऑटोलेरिन्जो. 3	1469	1337	6188	4.6	02	01	01	0.1	0.1
त्वचा रोग	4114	3871	11520	3.0	12	-	12	0.3	0.3
नवजातविज्ञान	2270	2068	15434	7.5	24	13	11	1.2	0.5
निओने. आईसीयू कंगारु मां	133	137	1324	9.7	21	03	18	15.3	13.4
देखभाल वार्ड	56	49	484	9.9	-	-	-	-	-
बाल रोग 1	2411	221	8165	3.7	71	16	55	3.2	2.5
बाल रोग 2	1775	1596	7497	4.7	57	15	42	3.6	2.6

बाल रोग 3	4133	3721	9627	2.6	80	20	60	2.1	1.6
बालशल्य चिकित्सा	2493	2243	16144	7.2	72	08	64	3.2	2.9
विकिरणविज्ञान	46	40	71	1.8	20	17	03	50.0	13.0
दंत शल्यचिकित्सा	169	141	1253	8.9	-	-	-	-	-
नाभिकीय चिकित्सा	627	648	1288	2.0	01	-	01	0.1	0.1
जठरांत्र एवं लिवर	819	818	12065	14.7	58	07	51	7.1	6.3
शारीरिक चिकित्सा और पुनर्वास	28	29	1723	59.4	-	-	-	-	-
आई.आर.सी.एच.	366	362	1656	4.6	86	57	29	23.7	9.5
संवदेनाहरणविज्ञान	393	328	342	1.0	-	-	-	-	-
कुल (मुख्य)	**72148**	**63510**	**337861**	**5.3**	**2586**	**963**	**1623**	**4.1**	**2.6**
हृदविज्ञान	7339	7069	27913	3.9	219	98	121	3.1	1.7
सी.टी.वी.एस.	3565	3285	31133	9.5	266	23	243	8.1	7.4
तंत्रिकाविज्ञान 1	1216	1160	8017	6.9	77	24	53	6.6	4.7
तंत्रिकाविज्ञान 2	1273	1117	7785	7.0	83	24	59	7.4	5.4
तंत्रिका-शल्य चिकित्सा 1	1698	1401	19275	13.7	113	24	89	8.1	6.5
तंत्रिका-शल्य चिकित्सा 2	2059	1749	20630	11.8	95	23	72	5.4	4.2
कुल (ह.तं.कें.)	**17150**	**15781**	**114753**	**7.3**	**853**	**216**	**637**	**5.4**	**4.1**
महा-योग (मुख्य + हं.तं.कें.)	**89298**	**79291**	**452614**	**5.7**	**3439**	**1179**	**2260**	**4.3**	**2.9**

परिशिष्ट 3 अंतरंग रोगियों का राज्य वार वर्गीकरण

राज्य	**मुख्य अस्पताल**	**हं.तं.कें.**	**कुल**
दिल्ली	37041	5480	42521
उत्तर प्रदेश	14657	3813	18470
हरियाणा	7301	1740	9041
बिहार	6711	3128	9839
राजस्थान	957	574	1531
पंजाब	216	203	419
अन्य राज्य	5183	2181	7364
अन्य देश	82	31	113
कुल	**72148**	**17150**	**89298**

तालिका 4 अंतरंग रोगियों का लिंगवार वर्गीकरण (मुख्य अस्पताल + हं.तं.के.)

राज्य	**पुरूष**	**स्त्री**	**बालक शिशु**	**बालिका शिशु**	**कुल**
मुख्य अस्पताल	27663	26607	12618	5260	72148
हं.तं.केन्द्र	8657	4149	2987	1312	17150
कुल	**36320**	**30801**	**15605**	**6572**	**89298**

ऑपरेशन

(2009-2010)

तालिका 5 शल्य चिकित्सा प्रक्रिया

विभाग	**बड़े**	**छोटे ऑपरेशन**		
		अंतरंग	**बाह्य**	**कुल**
शल्यचिकित्सा 1	715	230	2463	3408
शल्यचिकित्सा 2	1198	564	2430	4192
शल्यचिकित्सा 3	528	149	2267	2944
शल्यचिकित्सा 4	900	174	2298	3372
जठरांत्र एवं लिवर प्रतिरोपण	618	06	-	624
मूत्ररोग विज्ञान	1373	233	9733	11339
प्रसूति विज्ञान	1017	351	-	1368
स्त्रीरोग विज्ञान	2291	1450	-	3741
ऑटोलेरिन्जो.	2148	1854	30083	34085
अस्थि रोग 1	1325	529	-	1854
अस्थि रोग 2	1047	756	-	1803
बाल शल्यचिकित्सा	1789	80	-	1869
दंत शल्यचिकित्सा	109	03	-	112
आपात विभाग	-	183	-	183
योग (मुख्य)	**15058**	**6562**	**49274**	**70894**
हृद वक्ष एवं वाहिका शल्यचिकित्सा	3976	-	-	**3976**
तंत्रिका शल्य चिकित्सा 1	1181	140	-	**1321**
तंत्रिका शल्य चिकित्सा 2	1472	113	-	**1585**
योग (हं.तं.के.)	**6629**	**253**	**-**	**6882**
महा योग (मुख्य + हं.तं.के.)	**21687**	**6815**	**49274**	**77776**

तालिका 6. ओ.पी.डी. एवं विशिष्टता निदानशालाओं में उपस्थिति

चिकित्सा विभाग	नए रोगी	पुराने रोगी	कुल
कायचिकित्सा			
1. सामान्य ओपीडी	62103	61750	**123853**
2. विशिष्टता क्लिनिक			
(i) वक्ष	2134	4618	**6752**
(ii) रियूमेटोलॉजी	39	7018	**7057**
(iii) जेरियाटि ्रक	2441	2741	**5182**
(iv) निद्रा संबंधी श्वास विकार	208	130	**338**
(v) नाभिकीय चिकित्सा	1238	5807	**7045**
(vi) एंडोक्राइनोलॉजी	9409	26784	**36193**
(vii) वृक्क	6506	24619	**31125**
(viii) गुर्दा प्रतिरोपण	81	5436	**5517**
(ix) आरटीसीसी	406	964	**1370**
रुधिरविज्ञान	3064	22038	**25102**
जठरांत्र रोग विज्ञान	16550	39333	**55883**
बाल चिकित्सा			
1. सामान्य ओपीडी	30939	42034	**72973**
2. विशिष्टता क्लिनिक			
(i) स्वस्थ शिशु	247	492	**739**
(ii) फोलोअप टी.बी.	347	1655	**2002**
(iii) वृक्क	569	4363	**4932**
(iv) बाल तंत्रिकाविज्ञान	754	2115	**2869**
(v) बाल वक्ष निदानशाला	557	2916	**3473**
(vi) उच्च जोखिम नवजात	426	2154	**2580**
(vii) आनुवंशिक एवं जन्म दोष क्लिनिक	2562	1192	**3754**
(viii) ओंकोलॉजी	220	1709	**1929**
(ix) बाल विकास	207	306	**513**
(x) एंडोक्राइनोलॉजी	429	1168	**1597**
(xi) न्यूरोसिस्टी.	266	1050	**1316**
(xii) पीसीएससी	72	505	**577**
(xiii) रियूमेटोलॉजी	132	1469	**1601**
(xiv) मायोपैथी	294	602	**896**

त्वचा रोग विज्ञान			
1. सामान्य ओपीडी	29430	33203	**62633**
2. विशिष्टता क्लिनिक			
(i) यौन संक्रमित रोग	647	677	**1324**
(ii) एलर्जी	394	1166	**1560**
(iii) कुष्ठ रोग	371	2478	**2849**
(iv) पिगमेन्टेशन	462	2248	**2710**
(v) त्वचा शल्य चिकित्सा	396	878	**1274**
मनोचिकित्सा			
1. सामान्य ओपीडी	1818	-	**1818**
2. विशिष्टता क्लिनिक			
(i) वाक-इन-क्लिनिक	12061	29683	**41744**
(ii) बाल-मार्गदर्शन	518	569	**1087**
शल्यक विभाग	**नए रोगी**	**पुराने रोगी**	**कुल**
शल्यक विभाग			
सामान्य ओ.पी.डी.	37354	29028	**66382**
मूत्ररोग विज्ञान	12775	29126	**41901**
जी.आई.शल्य चिकित्सा	1999	5124	**7123**
बाल शल्य चिकित्सा			
1. सामान्य ओपीडी	5727	12440	**18167**
2. विशिष्टता क्लिनिक			
(i) हाइड्रोसेफालस	07	157	**164**
(ii) इंटर सेक्स	27	268	**295**
(iii) बाल मूत्ररोग विज्ञान	355	2729	**3084**
(iv) क्रेनियोसाइनोस्टोसिस	02	19	**21**
संवेदनाहरण			
1. पीड़ा	758	2030	**2788**
2. संवेदनाहरण - पूर्व क्लिनिक	7307	1195	**8502**
अस्थि रोग			
1. सामान्य ओपीडी	42588	41444	**84032**
2. विशिष्टता क्लिनिक			
(i) फिजियोथेरेपी	15426	33803	**49229**
(ii) व्यावसायिक थेरेपी	1170	6903	**8073**

(iii) हाइड्रोथेरेपी	907	8110	**9017**
(iv) फोलोअप	-	9232	**9232**
(v) ट्यूबरकुलोसिस	153	922	**1075**
(vi) स्कोलियोसिस	477	1357	**1834**
(vii) हस्त	806	1271	**2077**
(viii) सी.टी.ई.वी.	123	1361	**1484**
(ix) खेल	92	50	**142**
नाक, कान एवं गला रोग विज्ञान एवं आर यू ए एस			
1. सामान्य ओपीडी	36648	39037	**75685**
2. विशिष्टता क्लिनिक			
(i) श्रवणविज्ञान	143	65	**208**
(ii) वाक	1217	1407	**2624**
(iii) श्रवण	1091	1337	**2428**
(iv) वाणी	748	863	**1611**
(v) वर्टिगो	110	74	**184**
(vi) नासाविज्ञान	94	57	**151**
प्रसूति एवं स्त्री रोग विज्ञान			
1. सामान्य ओपीडी	29859	50661	**80520**
2. विशिष्टता क्लिनिक			
(i) **प्रसवोत्तर**	21	01	**22**
(ii) आईवीएफ	452	1686	**2138**
(iii) परिवार कल्याण	7963	3261	**11224**
(iv) प्रसव पूर्व	560	3537	**4097**
(v) अंतःस्राविकी स्त्रीरोग विज्ञान	57	71	**128**
(vi) उच्च जोखिम सगर्भता	2130	12819	**14949**
(vii) ऑपरेशन के बाद (स्त्री रोग)	338	20	**358**
विकिरण चिकित्सा	**503**	**39978**	**40481**
अन्य			
1. आपात चिकित्सा	104084	-	104084
2. ई.एच.एस.	104896	69930	174826
3. पोषण	1902	754	2656
4. भौतिक चिकित्सा एवं पुनर्वास	19081	84869	103950
5. यौन एवं विवाह परामर्श	1783	1834	3617
कुल	**629186**	**835872**	**465058**

6.1 आपात चिकित्सा प्रभाग

प्रभारी आचार्य

प्रवीण अग्रवाल

आचार्य

एल.आर.मुरमू

शिक्षा

संकाय द्वारा आपात चिकित्सा में तैनात स्नातक-पूर्व छात्रों तथा स्नातकोत्तर दोनों के लिए ही कई जीवन सहायक पाठ्यक्रम (आधारभूत एवं उन्नत) आयोजित किए गए। इसके अतिरिक्त, विभाग के संकाय सदस्य व्याख्यानों तथा सेमिनारों के माध्यम से स्नातक-पूर्व तथा स्नातकोत्तरों और नर्सिंग विद्यार्थियों के शिक्षात्मक शिक्षण में सम्मिलित थे।

विभाग द्वारा यूरोप, ऑस्ट्रेलिया तथा यूएसए के 13 स्नातक-पूर्व छात्रों को अल्पकालीन प्रशिक्षण प्रदान किया गया। सामुदायिक चिकित्सा विभाग के कुछ रेजीडेंटों को भी आपात चिकित्सा विभाग में प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

क्रमिक आयुर्विज्ञान शिक्षा

आपात चिकित्सा प्रभाग, एम्स, दिनांक 6-10 अक्तूबर 2010 तक बडोदरा में आयोजित 'इंडो-यूएस इमरजेंसी मेडिसन सम्मिट - 2010 हेतु सहयोगी साझेदारों में से एक था। अन्य सहयोगी साझेदार यूनिवर्सिटी ऑफ साउथ फ्लोरिडा, यूएसए तथा स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ न्यूयॉर्क, डाउनस्टेट मेडिकल सेंटर, यूएसए, थे।

आयोजित सम्मेलन/सेमिनार/कार्यशालाएं :

1. आपात कालीन चिकित्सा पद्धतियां तथा उन्नत नैदानिक चिकित्सोपचार, 17-20 जून 2010
2. अंतरराष्ट्रीय रोगी सुरक्षा सम्मेलन, 1-3 अक्तूबर 2010

प्रदत्त व्याख्यान

प्रवीण अग्रवाल : 2

एल.आर.मुरमु : 3

प्रकाशन

जरनल : 2

पुरस्कार, सम्मान तथा महत्वपूर्ण घटनाएं

प्रवीण अग्रवाल जरनल ऑफ़ एमरजेंसीज़, ट्रॉमा एण्ड शॉक के मुख्य संपादक के रूप में अभी भी कार्यरत हैं; वे भारत के राष्ट्रीय औषध निरूपण को संशोधित करने के लिए भारतीय फार्माकोपिया आयोग द्वारा गठित समिति के सदस्य हैं; वे एथिक्स समिति, एम्स के सदस्य है; वे भारतीय आयुर्विज्ञान परिषद् के आपात चिकित्सा विभाग में विशेषज्ञता बोर्ड के सदस्य हैं, वे संक्रामक रोगों संबंधी मानक उपचार दिशानिर्देशों के विकास के लिए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा गठित विशेषज्ञों के उप-समूह के सदस्य है।

एल.आर.मुरमु का जनरल ऑफ़ एमरजेंसीज़, ट्रॉमा एण्ड शॉक के मुख्य संपादक के रूप में कार्यरत रहना जारी हैं, वे भारतीय आयुर्विज्ञान परिषद् के आपात कालीन चिकित्सा विशेषज्ञता बोर्ड के सदस्य है।

रोग उपचार

रोगियों की औसत संख्या : 8,700/माह 1,04,084/वर्ष

6.2 अस्पताल आहार सेवाएं

मुख्य आहारविद्

अलका मोहन चुटानी	**परमीत कौर**
(अवकाश पर)	(कार्यकारी)

आहारविद्

स्वप्ना चतुर्वेदी

सहायक आहारविद्

गुरदीप कौर	रीचा जायसवाल	वसुंधरा सिंह
मोनिता गहलोत		अंजली भोला

अंतरंग रोगियों को परोसे गए विभिन्न आहारों की संख्या

आहारों की कुल संख्या	-	6,50,765
सामान्य आहार	-	3,36,534
अर्धठोस आहार	-	34,854
चिकित्सीय आहार	-	1,44,224
किचन आधारित एन्टरल भोजन	-	32,784
प्राइवेट वार्ड हेतु आहार	-	1,02,369

पोषण क्लिनिक

पुराने ओपीडी रोगी	-	739
पुरुष	-	493
महिला	-	276
नए ओपीडी रोगी	-	1881
पुरुष	-	962
महिला	-	919

6.3 कल्याण एकक

कल्याण अधिकारी

प्रीति आहलूवालिया

रोगी कल्याण

रोगी उपचार : दान के रूप में रु. 62,46,000 - (लगभग) एकत्रित किए गए।

उद्देश्य	दान	दानकर्ता
मुख्य अस्पताल तथा केंद्रों में उपचार कराने वाले गरीब तथा जरूरतमंद रोगियों के उपचार एवं शल्य चिकित्सा हेतु।	रु. 3,40,000	श्री सांई भक्त समाज (पंजी.)
	रु. 1,60,000/-	जवाहर भवन ट्रस्ट
	रु. 2,61,400/-	साहू जैन ट्रस्ट
	रु. 2,60,000/-	इंडो ग्लोबल सोशल सर्विस सोसाइटी
	रु. 1,14,750/-	चेतनालय
	रु. 26,160/-	लाल देवी धमार्थ न्यास
	रु. 39,000/-	टाइम्स नेत्र अनुसंधान फाउंडेशन
	रु. 14,000/-	विजय गुजराल फाउंडेशन
	रु. 36,155/-	अन्य दान दाता
	रु. 14,000/-	अन्य दान दाता
एम्स निर्धन रोगी निधि लेखा	रु. 1,00,000/-	श्रीमती द्वारका प्रसाद ट्रस्ट
	रु. 52,600/-	अन्य दान दाता
कैंसर रोगियों को निःशुल्क उपलब्ध करवाई गई कैंसर-रोधी दवाएं।	रु. 36,67,328/-	गोपाल फाउंडेशन
आपातकालीन चिकित्सा के लिए एक एविटा-4 आईसीयू वेंटीलेटर दान में प्राप्त	रु. 11,75,000	डॉ स्वर्ण कपूर

उपर्युक्त के अतिरिक्त, गरीब रोगियों को, राष्ट्रीय आरोग्य निधि, प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष, स्वास्थ्य मंत्री के विवेकाधीन अनुदान तथा अन्य सरकारी तथा गैर-सरकारी एजेंसियों से, उनके उपचार के लिए वित्तीय सहायता प्राप्त करने के लिए मार्गदर्शन किया जा रहा है तथा उनकी सहायता की जा रही है।

अस्पताल निर्धन रोगी निधि से निर्धन रोगियों को सहायता भी प्रदान की जाती है और उनकी दाखिले, लेवी प्रभारों में छूट, जांच प्रभारों आदि में छूट के लिए मार्गदर्शन तथा सहायता भी की जाती है।

धर्मशालाएं

कल्याण गतिविधि के रूप में, एम्स अस्पताल समाज कल्याण सोसायटी के तत्त्वावधान में राजगढ़िया विश्राम सदन, सुरेका विश्राम सदन तथा श्री साईं विश्राम सदन द्वारा एम्स तथा इसके केंद्रों में उपचार करवा रहे 10900 से भी अधिक रोगियों तथा उनके तीमारदारों को आश्रय प्रदान किया गया। विशेष मामलों में विश्राम सदनों में रहने वाले जरूरतमंद गरीब रोगियों के लिए दानकर्ताओं के माध्यम से भोजन का प्रबंध किया गया।

सपना (गैर सरकारी संगठन) ने सप्ताह में एक बार राज गडिया विश्राम सदन के उन निवासियों को सूखा राशन वितरित किया जो गरीबी रेखा से नीचे हैं। इसके अतिरिक्त, राज गठिया विश्राम सदन में रह रहे रोगियों को प्रति दिन आधा लिटर दूध भी वितरित किया गया। कैंसर पेंशन्ट्स एड एसोसिएशन ने सदन के निवासियों के साथ दीवाली तथा होली मनाई।

कर्मचारी कल्याण :

अनुकम्पा आधार पर नियुक्ति :

अनुकम्पा आधार पर नियुक्ति के मामलों पर विचार किया गया। परिवार के सदस्यों को हुई भारी क्षति को सहन करने तथा जो जिम्मेदारियां उन पर आ गई हैं, उन्हें निभाने में सक्षम बनाने के लिए सहायता प्रदान करने हेतु परामर्श सेवाएं तथा नैतिक समर्थन प्रदान किया गया। आवश्यकता पड़ने पर, मृतक कर्मचारियों के अंतिम संस्कार पर होने वाले खर्च के लिए भी उनके संबंधियों की सहायता की गई। 7 बच्चों के लिए छः माह की अवधि के लिए विद्यालय की फीस के लिए भी सहायता प्रदान की गई।

परामर्श सेवाएं

कर्मचारियों, रोगियों तथा उनके संबंधियों को उनकी शारीरिक, सामाजिक, मानसिक, आर्थिक, पारिवरिक तथा वैवाहिक समस्याओं पर काबू पाने/समाधान करने के लिए उन्हें सक्षम बनाने हेतु परामर्श सेवाएं प्रदान की गई और इसके द्वारा उनकी सामाजिक गतिविधियों में वृद्धि हुई।

शिकायतों का निवारण

स्टाफ-सदस्यों तथा रोगियों की शिकायतों का समाधान करने के लिए सेवाएं प्रदान की जा रही हैं।

खेल गतिविधियां

अंतर मंत्रालयी टूर्नमिंटों में एम्स के कर्मचारियों की प्रतिभागिता सुकर बनाई। एम्स फुटबाल टीम के बारह सदस्य, जो स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की फुटबाल टीम के ध्वज के तहत खेले थे ने अंतर मंत्रालय फुटबाल टूर्नमिंट 2010-11 जीता जिसका आयोजन केंद्रीय सिविल सेवा सांस्कृतिक तथा खेलकूद बोर्ड द्वारा किया गया था।

दीवाली समारोह

श्री सुनील भुटानी ने चिकित्सा संस्थान रेज़ीडेंट कल्याण एसोसिएशन (एमआईआरडब्ल्यूए) द्वारा संचालित किए जा रहे नर्सरी तथा प्राथमिक विद्यालय में पढ़ रहे हमारे कर्मचारियों के बच्चों के साथ दीवाली मनाई। इस अवसर पर उपहार तथा मिठाइयां वितरित की गई।

निःशुल्क शव वाहन सुविधा :

दुःखी संबंधियों द्वारा मृत शरीर को अपने घर / शमशानघाट में आसानी से ले जाने के लिए श्री साईं भवन समाज (पंजी)। के माध्यम से निःशुल्क वाहन सेवा प्रदान की जा रही है।

डॉ. डी. के. शर्मा, चिकित्सा अधीक्षक को स्वर्गीय डॉ. स्वर्ण कपूर के परिवार के सदस्यों द्वारा एक ए एवीटा - 41 सी यू. वेंटीलेटर भेंट किया जा रहा है। चित्र में दिख रहे अन्य व्यक्ति हैं - आचार्य प्रवीण अग्रवाल (आपात कालीन सेवाएं) तथा रणदीप गुलेरिया (चिकित्सा), श्रीमती प्रीति अहलूवालिया, कल्याण अधिकारी तथा श्री एन के शर्मा, मुख्य चिकित्सा अभिलेख अधिकारी (अस्पताल)

6.4 अस्पताल बिलिंग अनुभाग

वर्ष 2010-11 के दौरान प्राप्त की गई दान की राशि तथा उपगत व्यय/रोगियों को भुगतान की गई राशि का विवरण निम्नानुसार है :-

दानकर्ताओं से प्राप्त दान (बैंक ब्याज + दान + निर्धन निधि बॉक्स)	:	**रु. 14,67,164**
202 रोगियों को किया गया भुगतान	:	**रु. 97,930**

(निर्धन रोगियों को राशि का वितरण वर्ष के दौरान दानकर्ताओं से प्राप्त दान - राशि तथा 'एम्स निर्धन निधि खाता' में पिछली बकाया पड़ी राशि में से किया गया है।)

6.5 चिकित्सा समाज कल्याण एकक

चिकित्सा समाज कल्याण एकक चिकित्सा अधीक्षक तथा प्रभारी अधिकारी, एमएसएसओ के प्रत्यक्ष पर्यवेक्षणाधीन एक केंद्रीय समाज कल्याण एकक के रूप में कार्य करता है। इस एकक में 9 चिकित्सा समाज सेवा अधिकारी (एमएसएसओ) हैं जिनमें एक मुख्य चिकित्सा समाज सेवा अधिकारी, एक पर्यवेक्षी चिकित्सा समाज सेवा अधिकारी चार चिकित्सा समाज सेवा अधिकारी ग्रेड I तथा तीन चिकित्सा समाज सेवा अधिकारी ग्रेड II है।

यह एकक अस्पताल प्रशासन, एम्स संकाय, कर्मचारी वर्ग तथा रोगियों के बीच एक अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करता है। समीक्षाधीन वर्ष के दौरान एकक द्वारा निम्न सेवाएं प्रदान की गई।

1. **प्राइवेट (निजी) रेफरल :-** लोकहित याचिका तथा माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय के निर्णय के मद्देनजर यह निजी अस्पतालों के लिए अनिवार्य है कि वह आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों (ईडब्ल्यूएस) के उन रोगियों को आवश्यक निःशुल्क उपचार प्रदान करें जिन्हें सरकारी अस्पतालों से निजी अस्पताल में उपचार हेतु भेजा जाता है/संदर्भित किया जाता है। दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य सेवा निदेशालय के निर्देश के अनुसार, एकक ने ईडब्ल्यूएस श्रेणी से 29 रोगियों को अभिज्ञात किया, उन्हें अभिप्रेरित किया तथा नोडल अधिकारी, एम्स तथा अन्य निजी अस्पतालों के समन्वयन में कागज़ी कार्रवाई पूर्ण करने के पश्चात इन रोगियों को निःशुल्क उपचार तथा आगामी प्रबंधन हेतु अभिज्ञात निजी अस्पतालों में भेजा/संदर्भित किया। 7 अप्रैल 2011 को स्वास्थ्य सेवा निदेशालय की बैठक में इस प्रयास की सराहना की गई।

2. **पुनर्वास :-** चिकित्सा समाज कल्याण एकक ने रोगियों, उनके रिश्तेदारों, कर्मचारियों, पुलिस कार्मिकों तथा अन्य सरकारी और गैर सरकारी अभिकरणो के साथ संरचित साक्षात्कार तथा चर्चाएं की तथा वह विभिन्न अभिकरणो में 70 निराक्षय/अज्ञात/परिचारक रहित रोगियों का सफलतापूर्वक पुनर्वास करने में समर्थ रहा।

3. **परामर्श / काउंसलिंग :-** एक चिकित्सा समाज सेवा अधिकारी एक तकनीकी व्यक्ति है जो सतत् सामाजिक तथा भावनात्मक तनाव/दबाव के कारण हुए मनोरोगों के कारण होने वाली मनो सामाजिक समस्याओं को समझता हैं। इस संबंध में लगभग 50,000 रोगियों को निदान तथा रोग दीर्घीत प्रक्रियाविधियां एवं जटिल जांच, प्रोगनोसिस तथा उपचार एवं अनुवर्ती उपचार के महत्व के बारे में परामर्श दिया गया। इसके अतिरिक्त, परिवार को भी स्वास्थ्य शिक्षा दी गई कि स्वस्थ जीवन का अनुरक्षण किस प्रकार करना है।

4. **वित्तीय सहायता :-** राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम के मद्देनज़र तथा राष्ट्रीय रोग सहायता निधि के दिशानिर्देश के अनुसार, 302 रोगियो के आवेदनों की उचित प्रकार संवीक्षा की गई, उनका आकलन किया गया तथा उन्हें एनआईएएफ उप समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया तथा इन रोगियों के लिए 20,526,208 रुपए की राशि स्वीकृत की गई जिनका उपचार एम्स में जीवन संकट कारी रोगों के लिए किया जा रहा है।

5. **गरीब निधि का संवितरण :-** 140 निर्धन रोगियों को 27,000 रुपए की राशि संवितरित की गई जिन्हें उपचार तथा अन्य आवश्यकताओं के लिए तत्काल वित्तीय सहायता की आवश्यकता थी।

6. कल्याण तथा प्रशासनिक क्रियाकलाप :-

क) लगभग 8357 गरीब रोगियों को विभिन्न गैर सरकारी संगठनों के माध्यम से 7,00,000 रुपए मूल्य की चिकित्सीय तथा अन्य सहायता उपलब्ध कराई गई। इन रोगियों को सहायतार्थ दवाइयां, कंबल, कैथेटर तथा अन्य उपकरण दिए गए।

ख) बाल वार्ड में दीवाली मनाई गई। बच्चों को अस्पताल में घरेलू माहौल देने के लिए उनमें फल, खिलौनों, मिठाइयों का संवितरण किया गया तथा माननीय निदेशक, चिकित्सा अधीक्षक, विभाग प्रमुखों तथा अन्य स्टाफ की उपस्थिति में पूजा का निष्पादन भी किया गया।

7. रेलवे रियायती सुविधाएं :- लगभग 15,000 रोगियों को, जो विभिन्न रोगों से ग्रस्त थे, रेलवे रियायत प्रपत्र उपलब्ध कराएंगे तथा उन्हें एम्स में अनुवर्ती उपचार के महत्व के बारे में शिक्षित किया गया। यह सुविधा बाहरी रोगियों के लिए उपयोगी है।

8. आवास :- लगभग 2260 रोगियों को उनके रिश्तेदारों सहित अस्पताल के निकट विभिन्न धर्मशालाओं में आश्रय दिया गया।

9. उद्ग्रहण प्रभारों की छूट :- आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के 3097 से अधिक रोगियों को गरीबी रेखा से नीचे (बीपीएल) कार्डों तथा अन्य प्रमाणपत्रों की समुचित जांच करने के पश्चात् एक्सरे, रक्त, सीटी स्कैन, एमआरआई इत्यादि जैसी विभिन्न छूटों के लिए विचार में लिया गया। कुछ मामलों में, एमएसएसओ ने उन रोगियों के संबंध में स्वयं अपने आप पहल की जिनके पास दस्तावेजी साक्ष्य नहीं थे किन्तु जो विभिन्न प्रकार की जांच तथा प्रवेश प्रभारों के भुगतान हेतु यथार्थ रूप से गरीब प्रतीत होते थे।

10. वार्डो से परामर्श तथा मांग :- चिकित्सीय, शल्य चिकित्सीय तथा अन्य उपकरण उपलब्ध कराने के लिए सामाजिक आर्थिक आकलन हेतु विभिन्न वार्डो से 450 परामर्श प्राप्त हुए। इसके अतिरिक्त अज्ञात परिचारक रहित रोगियों के लिए निजी परिचारकों की व्यवस्था की गई।

11. रेफरल :- डेंगु महामारी के दौरान एमएसएसओ ने उन रुग्ण रोगियों की संवीक्षा में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जिन्हें वे उपचार कर्ता डॉक्टर के परामर्श से अन्य अस्पतालों को संदर्भित करने में समर्थ हुए। लगभग 8000 रोगियों को परामर्श दिया गया तथा स्वेच्छा से अन्य अस्पतालों में जाने के लिए प्रेरित किया गया। अस्पताल प्राधिकारियों ने इस प्रयास की सराहना की।

12. स्वास्थ्य शिक्षा :- समाज कार्य विद्यार्थियों तथा राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) कार्यकर्ताओं की सहायता से बाल शल्य चिकित्सा तथा स्त्री रोग विज्ञानी वार्डों में वैयक्ति स्वच्छता के अनुरक्षण संतुलित पोषण स्वास्थ्य तथा परिवार कल्याण एवं ऑपरेशनपूर्व एवं ऑपरेशन पश्च देखभाल के संबंध में क्रियाकलाप संचालित किए गए।

13. प्रशिक्षण एवं अध्यापन :- निम्न विश्वविद्यालयों से 13 एमएसडब्ल्यू विद्यार्थियों को प्रशिक्षण दिया गया :-

- अन्नामलाई विश्वविद्यालय
- इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
- मेरियन कॉलेज ऑफ कुट्टीकनम
- बीसीएम कॉलेज, कोरायम, केरल
- भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय, सोनीपत, हरियाणा
- काशी विद्यापीठ, उत्तर प्रदेश
- बनारस हिंदु विश्वविद्यालय
- बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, झांसी
- एमजेपीआर विश्वविद्यालय, बरेली
- भोपाल स्कूल ऑफ सोशल साइंसेस, म. प्र.
- दिल्ली स्कूल ऑफ सोशल वर्क, दिल्ली विश्वविद्यालय
- इंस्टीट्यूट ऑफ होम इकॉनामिक्स, दिल्ली विश्वविद्यालय

14. **गुर्दा प्रत्यारोपण के लिए गुर्दा प्राधिकार :-** मुख्य चिकित्सा समाज सेवा अधिकारी को रीनल प्राधिकार समिति, एम्स के लिए समन्वयक तथा नोडल अधिकारी का उत्तर दायित्व दिया गया। चिकित्सा समाज सेवा अधिकारी श्री अनिल माली के समन्वयन के साथ, असंबद्ध किडनी (गुर्दा) प्रत्यारोपण के 15 मामलों का उचित प्रकार आकलन किया गया, बैठक का आयोजन किया गया, बैठक में मामलों की संक्षिप्त जानकारी दी गई तथा श्रव्य - दृव्य अभिलेखन तथा समिति के अनुमोदन के पश्चात कार्यवृत्त वितरित किए गए तथा फाइल को अभिलेख हेतु एमएस कार्यालय भेजा गया। अध्यक्ष एवं समिति सदस्यों ने इस प्रयास की सराहना की।

15. **मार्गदर्शन :-** अस्पताल प्रक्रिया विधि : तथा सेवाओं के बारे में उचित जानकारी उपलब्ध कराने के लिए, उचित प्रशिक्षण प्राप्त 20 अस्पताल समाज मार्गदर्शकों को अस्पताल/कैजुअल्टी के विभिन्न काउंटरों पर तैनात किया गया। अधिकतम रोगियों को आवश्यक जानकारी दी गई।

विशेष विशिष्टताएं

1. रॉकलैंड अस्पताल से अनुरोध प्राप्त होने पर श्री आर सी मिश्रा को रॉकलैंड अस्पताल की गुर्दा प्राधिकार प्रदाता समिति के सदस्य के रूप में नामित किया गया; उन्होंने उस समिति के सक्रिय सदस्य के रूप में रॉकलैंड अस्पताल की विभिन्न बैठकों में भाग लिया।

2. इंस्टीट्यूट ऑफ होम इकोनॉमिक्स दिल्ली विश्वविद्यालय ने संस्थान के दीक्षांत समारोह के लिए मुख्य अतिथि के रूप में श्री आर सी मिश्रा को सम्मानित किया। "कंसेप्ट एण्ड इम्पार्टेंस ऑफ सोशल वर्क एट हॉस्पिटल सेटिंग" पर एक व्याख्यान इस अवसर पर श्री आर सी मिश्रा द्वारा विद्यार्थियों को दिया गया।

3. श्री आर सी मिश्रा को अस्पताल प्रशासन द्वारा आयोजित नर्सिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया। उन्होंने "रोल ऑफ मेडिकल सोशल सर्विस ऑफिसर इन हॉस्पिटल" विषय पर एक व्याख्यान दिया।

6.6 रक्त कोष (अस्पताल)

रक्त कोष (अस्पताल) एम्स का कार्यभार

I.	**दानकर्त्ता कक्ष**		
1.	रोगियों के रिश्तेदार - दानकर्त्ता		15753
2.	स्वैच्छिक - दानकर्त्ता		23189
	रक्तदान शिविर से		7914
	एम्स रक्त कोष से		15275
3.	एकलदाता प्लेटलेट		298
4.	निम्न से एकत्रित	सीएनसी	1002
		आईआरसीएस	1070
		अन्य	1252
		जेपीएनए ट्रॉमा केंद्र	490
	कुल संग्रहण		**43054**
	कुल आयोजित शिविर		**91**
II.	**नैमिक प्रयोगशाला**		
1.	कुल रोगी		48725
2.	एबीओ ग्रुपिंग		134833
3.	ओपीडी ग्रुपिंग एवं आर.एच.		3791
4.	क्रॉस मैच (आपात/नैमिक)		65445
6.	डोनर ग्रुपिंग		86108
7.	आईसीटी		984
	आईसीटी पॉजीटिव		219
8.	कुल टाइट्रे		127
9.	कुल ए./बी.		44934
10.	कुल डी.सी.टी.		650
	डीसीटी पॉजीटिव		108
11.	जारी रक्त		36767
12.	प्राप्त रक्त		773
13.	स्मॉल यूनिट		1034
14.	अलग किया गया रक्त		2887
15.	रक्त जारी लेकिन चढ़ाया नहीं		शून्य
16.	प्राइवेट वार्डों को जारी रक्त		2833
17.	प्राइवेट वार्डों को जारी अवयव		3740
18.	बाहरी अस्पतालों को जारी रक्त		641
19.	बाहरी अस्पतालों को जारी अवयव		83
20.	क्रॉस मैच किया गया परंतु चढ़ाया नहीं गया		11429
21.	इन्हें जारी रक्त	आईआरसीएच	5149
		आईआरसीएस	05
		सीएनसी	154
	कुल		**546909**

III. विशेष प्रक्रिया प्रयोगशाला

1.	छोटे वर्गीकरण	205
2.	प्लेटलेट एंटीबॉडी	56
3.	अभिकर्मक कोशिका गलन	600
4.	डीएटी	120
5.	क्रॉस मैचिंग विसंगति	482
6.	सामान्य विसंगति	51
7.	एबी स्क्रीनिंग	64
8.	अवयव क्यू.सी.	332
9.	ई.क्यू.ए.एस.	04
10.	एंटी बॉडी पहचान	36
	कुल	**1950**

IV. अवयव प्रयोगशाला

1.	प्लेटलेट समृद्ध सान्द्रण	33105
2.	फ्रेश फ्रोजन प्लाज्मा	20372
3.	तरल प्लाज्मा	14174
4.	क्रायोप्रीसिपीटेट	303
5.	लाल रक्त कोशिकाएं	38942
	कुल तैयार किए गए अवयव	**106530**

V. संक्रमण प्रयोगशाला

1.	एचआईवी जांच	42631
2.	एचबीवी जांच	42667
3.	एंटी एचबीसी जांच (4.09.2010 तक)	19045
4.	एचसीवी जांच	43203
5.	वीडीआरएल	39439
	कुल	**187012**

7. नर्सिंग महाविद्यालय

प्रधानाचार्य

मंजू वत्स

प्राध्यापक

मीना अग्रवाल	संध्या गुप्ता (प्रतिनियुक्ति पर)	राचेल एंड्रयूज
आशिया कुरैशी	दीपिका सी. खाखा	कमलेश शर्मा

वरिष्ठ नर्सिंग ट्यूटर

गीता राजदान

नर्सिंग ट्यूटर

किरन सिंह सिमक	गायत्री बतरा (अध्ययन अवकाश पर)	पूनम जोशी
सुचेता	शशि मेवार	बबीता साहू
फिलोमिना थॉमस		मीना एरा

शिक्षा

स्नातक-पूर्व

बी.एस-सी. (ऑनर्स) नर्सिंग : चार वर्षीय पाठ्यक्रम से स्नातक हुए सैंतालीस छात्र।

बी. एस-सी. नर्सिंग (पोस्ट : प्रमाणपत्र) दो वर्षीय पाठ्यक्रम से स्नातक हुए पच्चीस छात्र।

स्नातकोत्तर

एम. एस-सी. नर्सिंग - दो वर्षीय एम. एस-सी. नर्सिंग पाठ्यक्रम से उत्तीर्ण हुए अठारह छात्र।

उन्नीस छात्रों ने इस वर्ष निम्नलिखित विशिष्टताओं में प्रवेश लिया :

1. बाल चिकित्सा नर्सिंग
2. मनोचिकित्सा नर्सिंग
3. हृद विज्ञान/सी.टी.वी.एस. नर्सिंग
4. तंत्रिका विज्ञान नर्सिंग

क्रमिक नर्सिंग शिक्षा

निम्नलिखित अल्पावधि पाठ्यक्रमों, गोष्ठियों और कार्यशालाओं का आयोजन किया गया है :

1. गंभीर उपचार नर्सिंग अद्यतन, 5-6 अप्रैल, 2010, समन्वयक : आशिया कुरैशी। एम्स अस्पताल की नर्सों ने इसमें भाग लिया।
2. तंत्रिका आपातकालीन स्थितियों पर तंत्रिका नर्सिंग अद्यतन, 12-13 अप्रैल, 2010, समन्वयक : मीना अग्रवाल। एम्स अस्पताल की 28 नर्सों ने इसमें भाग लिया।
3. कलावती सरन बाल अस्पताल में आईएएनएन - एनएनएफ - यूनिसेफ के सहयोग से "सुविधा आधारित नवजात देखभाल" पर टीओटी कार्यशाला। 17-21 अगस्त, 2010, समन्वयक : मंजू वत्स। पूरे देश के विभिन्न संस्थानों की 40 नर्स अध्यापिकाओं और क्लिनिकल नर्सों ने इसमें भाग लिया।

4. यूनिसेफ - पटना, बिहार के सहयोग से बिहार में नर्सिंग अध्यापिकाओं के लिए टीओटी कार्यशाला। समन्वयक : मंजू वत्स। एएनएम / जीएनएम स्कूलों की 30 नर्स अध्यापिकाओं ने इसमें भाग लिया।

5. नर्सों के लिए नवजात पुनर्जीवन कार्यक्रम पर कार्यशाला, नेशनल नियोनेटोलॉजी फोरम कन्वेंशन, जयपुर, 7 अक्तूबर 2010. पाठ्यक्रम निर्देशक : मंजू वत्स। राजस्थान तथा अन्य राज्यों की 60 नर्सों ने इसमें भाग लिया।

6. क्लिनिकल नर्सिंग अद्यतन, 18-24 अक्तूबर 2010. समन्वयक : दीपिका सी खाखा

7. साक्ष्य आधारित नर्सिंग प्रथा पर गोष्ठी, वार्षिक दिवस, नर्सिंग महाविद्यालय। एम्स तथा दिल्ली में स्थित अन्य अस्पतालों की 300 से अधिक नर्सों तथा छात्रों ने इसमें भाग लिया।

8. प्रभावी प्रशिक्षण अधिगम और आकलन कार्यनीतियों पर कार्यशाला, 24-30 नवंबर 2010. समन्वयक : मीना अग्रवाल और कमलेश शर्मा। विभिन्न अस्पतालों की 27 नर्सों ने इसमें भाग लिया।

9. गंभीर उपचार नर्सिंग अद्यतन, 15-21 फरवरी 2011. समन्वयक : राचेल एंड्रयूज। विभिन्न अस्पतालों की 29 नर्सों ने इसमें भाग लिया।

10. प्रबंधन तकनीकों और नर्सिंग में मानव संबंध पर कार्यशाला, 15-22 मार्च 2011. समन्वयक : आशिया कुरैशी। विभिन्न अस्पतालों की 39 नर्सों ने इसमें भाग लिया।

11. नर्स के हाथों में कम वजन वाले बच्चे की सुरक्षा विषय पर इंडियन एसोसिएशन ऑफ नियोनेटल नर्स का दूसरा वार्षिक सम्मेलन, 19-21 नवंबर 2010. अध्यक्ष : मंजु वत्स। इसमें 260 नर्सों ने भाग लिया।

12. एम्स में 14 तदर्थ और संविदा पर कार्यरत नर्सों के लिए मार्च - अप्रैल 2011 के दौरान 30 घंटे के लिए महाविद्यालय द्वारा एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। डॉ. मंजु वत्स और सुश्री ए कुरैशी ने सत्रों का समन्वय किया।

भारत के विभिन्न शैक्षिक संस्थानों से आंगतुकों के 7 समूहों तथा विदेश से आंगतुकों के समूह के लिए अखिमुखीकरण/ब्रीफिंग सत्रों का संचालन किया गया।

महाविद्यालय के संकाय सदस्यों ने 20 कार्यशालाओं / सम्मेलनों में भाग लिया और वर्ष के दौरान जारी नर्सिंग / चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रमों तथा कार्यशलाओं में 37 व्याख्यान दिए।

क्लिनिकल और समुदाय सेवाएं

संकाय और छात्रों ने

1. एम्स के सभी चिकित्सा विभागों में बाह्य और आंतरिक रोगी देखभाल गतिविधियों में भाग लिया।

2. दिल्ली सरकार द्वारा आयोजित दक्षिण दिल्ली के 6 केंद्रों में पल्स पोलियो कार्यक्रम के दो दौर में भाग लिया। सुश्री किरण सिंह ने कार्यक्रम का समन्वय और पर्यवेक्षण किया।

3. ग्रामीण क्षेत्रों में 62 तथा शहरी झुग्गियों में 118 से अधिक सत्रों एवं एम्स के ओपीडी में हाइपरटेंशन, टीकाकरण, नवजात देखभाल, पीएनसी देखभाल आदि जैसे विभिन्न स्वास्थ्य मुद्दों पर स्वास्थ्य शिक्षा सत्रों का आयोजन और प्रचालन किया।

4. शहरी झुग्गियों में सभी के स्वास्थ्य से संबंधित दिवसों जैसे तपेदिक दिवस, कुष्ठ दिवस, तम्बाकू विरोधी दिवस, कैंसर, एचआईवी / एडस आदि से संबंधित विषयों को बढ़ावा देने तथा स्वास्थ्य के निवारण संबंधी विषयों पर 18 प्रदर्शनियों और 18 रोल प्ले का आयोजन किया गया।

5. अम्बेडकर नगर के विभिन्न ब्लॉकों में 9 सर्वेक्षणों का आयोजन किया गया, इन ब्लॉकों में मौजूदा समस्याओं को पहचाना गया तथा अनिवार्य हस्तक्षेप कार्यान्वित किए गए।

प्रकाशन

पत्रिकाएं : 4 **एब्स्ट्रेक्ट : 4**

पुरस्कार, सम्मान और महत्वपूर्ण घटनाएं

डॉ. मंजू वत्स नर्सिंग संकाय की मनोनीत सदस्य और संकाय अध्यक्ष, बाबा फरीद स्वास्थ्य विज्ञान विश्व विद्यालय (बीएफयूएचएस) फरीद कोट, पंजाब; यूजीसी समीक्षा समिति बीएफयूएचएस; अध्ययन बोर्ड, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी और संजय गांधी स्नातकोत्तर चिकित्सा संस्थान, लखनऊ, अंतरराष्ट्रीय सलाहकार बोर्ड, जरनल ऑफ नियोनेटल नर्सिंग; राष्ट्रीय सम्पादकीय सलाहकार बोर्ड, जरनल ऑफ नर्सिंग प्रेक्टिस एंड रिसर्च; आईएसजेबीटी; प्रिज्म नर्सिंग प्रैक्टिस। जरनल ऑफ क्लिनिकल नर्सिंग - शिक्षा, प्रशिक्षण और कैरियर विकास, इंटरनेशनल जरनल ऑफ नर्सिंग एजुकेशन; सदस्य केंद्रीय समूह, पीएचडी संघ, भारतीय नर्सिंग परिषद (आईएनसी); सदस्य, कार्यकारिणी और शिक्षा समिति, आईएनसी, विषय निर्वाचन समिति सदस्य, आईएनसी, जीएफएटीएस परियोजना से एचआईवी / एड्स में 90000 नर्सों के लिए प्रशिक्षण; विशेषज्ञ, यूनिसेफ, पटना, बिहार में नर्सिंग शिक्षा का सुदृढ़ीकरण, सदस्य केंद्रीय समूह, भारतीय उन्नत नर्सिंग संस्थान, आईएनसी और क्लिंटन फाउंडेशन, संस्थापक अध्यक्ष, इंडियन एसोसिएशन ऑफ नियोनेटल नर्स (आईएएनएन) और सदस्य, कार्यकारिणी समिति, आईएएनएन, अध्यक्ष, दूसरा वार्षिक सम्मेलन, आईएएनएन तथा समन्वयक, सीपीएपी पर पूर्व सम्मेलन कार्यशाला; मिड वाइफरी एसबीए - आईएनसी जेपाइगो में उत्कृष्टता केंद्र, विडियो कॉन्फ्रेसिंग द्वारा पीएचडी छात्रों के लिए अध्यापन सत्र, मार्गदर्शक, 6 पीएचडी छात्र, नर्सिंग में पीएचडी के लिए संघ, आईएनसी तथा राजीव गांधी स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय; सदस्य, कार्यस्थल, एम्स में महिलाओं के यौन उत्पीड़न के विषय में शिकायतों के लिए समिति की सदस्य; विशेषज्ञ, विभिन्न कार्यशालाओं और सम्मेलनों के लिए 19 सत्र; विशेषज्ञ सदस्य 1) नर्सिंग पर परामर्श, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, 2) यकृत और बायलरी विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली 3) के एल विग सेंटर फॉर मेडिकल एजुकेशन एंड टेक्नोलॉजी, एम्स के लिए सहायक संकाय।

मीना अग्रवाल उन्होंने इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) की 'गंभीर उपचार नर्सिंग' पर पाठ्य पुस्तक के 8 अध्यायों के सम्पादन में सहयोग किया; वे इग्नू हेतु गम्भीर उपचार नर्सिंग पाठ्य पुस्तक की शीर्ष समिति की सदस्य रहीं; प्रशिक्षित नर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया एवं सिर-आघात से पीड़ित रोगी का उपचार, नैदानिक नर्सिंग अपडेट, एम्स में शैक्षिक उद्देश्य पर 2 सत्रों में भाग लिया; वक्ता, अंग दान पर तृतीय अंतर्राष्ट्रीय ट्रामा सम्मेलन।

राचेल एंड्रयूज आपने एम्स में आयोजित अर्बुद विज्ञान नर्सिंग, हृद विज्ञान, नर्सिंग शिक्षा एवं उपचार पर 6 सत्रों में संसाधन कार्मिक की भूमिका निभायी। धर्मशिला अस्पताल, टी.एन.ए.आई., यूनीसेफ द्वारा प्रायोजित कार्यशाला, पटना, बिहार; परामर्शदाता, इग्नू पोस्ट बेसिक बी.एस-सी. नर्सिंग, द्वितीय वर्ष, मेडिकल सर्जिकल नर्सिंग कोर्स; बाहरी पैपर निर्माणकर्ता, बाबा फरीद विश्वविद्यालय, गुजरात विश्वविद्यालय, कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय, जामिया हमदर्द एवं पंजाब विश्वविद्यालय, तदर्थ निरीक्षक, भारतीय नर्सिंग परिषद एवं दिल्ली नर्सिंग परिषद - नर्सिंग कालेज/स्कूलों का निरीक्षण करने हेतु, 2011.

आशिया कुरैशी ट्रामा गम्भीर उपचार नर्सिंग, अंतर्राष्ट्रीय ट्रॉमा 2010 सम्मेलन में वक्ता एवं 2 सत्रों में अध्यक्षता।

दीपीका खाखा ने 10वीं एशियन सी आई सी आई ए एम एस, सिंगापुर में 4 सितम्बर 2010 को 'सामुदायिक स्वास्थ्य उपचार : नर्सिंग में अनुभव' पर सत्र की अध्यक्षता की और नर्सिंग में नीतिपरक विषयों पर वार्ता प्रस्तुत की; वे 'डिसास्टर नर्सिंग-आपातकालीन उपचार में एक नई संकल्पना', ट्रॉमा पर तीसरा वार्षिक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन, 26-28 नवम्बर 2010, नई दिल्ली में अतिथि वक्ता थी; वे जामिया मिलिया इस्लामिया, एम्स, टी एन ए आई, राउफादिया कॉलेज ऑफ नर्सिंग तथा दिल्ली विश्वविद्यालय में एचआईवी / एड्स, अनुसंधन पद्धतिविज्ञान, नर्सिंग शिक्षा तथा मानसिक स्वास्थ्य संबंधी 12 सत्रों में विशेषज्ञ थीं; वे अनुसंधान पद्धतिविज्ञान पर टेलीकॉन्फ्रेंसिंग, इग्नू में विशेषज्ञ; परामर्श पर्यवेक्षक, आई सी टी सी, पी पी सी टी सी, ए आर टी थी; वे एचआईवी/एड्स उपचार में परामर्शदाताओं को प्रशिक्षण देने के लिए जिम्मेदार जी एफ ए टी एम आर - 7 हेतु विशेषज्ञ एवं मास्टर प्रशिक्षक थीं और जी एफ ए टी एम आर - 7 के अन्तर्गत दिल्ली जिला की परामर्शदाता थी; वे बाबा फरीद यूनिवर्सिटी ऑफ हैल्थ साइंसिज, पंजाब, राजस्थान यूनिवर्सिटी, एम्स, पी जी आई एम ई आर, छत्रपति साहू जी महाराज मेडिकल यूनिवर्सिटी, उत्तर प्रदेश की परीक्षक थी; वे एम-एस.सी. नर्सिंग शोध-प्रबंध, बी.पी. कोइराला इंस्टीट्यूट ऑफ हैल्थ साइंसिज, नेपाल की परामर्शदाता थी।

कमलेश शर्मा एम्स, धर्मशिला अस्पताल, टी. एन. ए. आई., यूनिसेफ द्वारा प्रायोजित पटना बिहार में आयोजित नर्सों के लिए प्रसूतिरोग विज्ञान, बाल रोग विज्ञान तथा अर्बुद विज्ञानी नर्सिंग में छः सत्रों के लिए विशेषज्ञ व्यक्ति थी। उन्होंने लो बर्थ वेट शिशुओं की देखभाल एवं के. एम. सी. पर पेनल विचार-विमर्श की अध्यक्षता की, द्वितीय वार्षिक सम्मेलन, इंडियन एसोसिएशन ऑफ नियोनेटल नर्सिंस 2010, 19-21 नवंबर, 2010; वे वर्ष 2010-11 में इंडियन नर्सिंग काउंसिल (आई.एन.सी.) तथा दिल्ली नर्सिंग काउंसिल (डी.एन.सी.) में कॉलेजों/स्कूल्स ऑफ नर्सिंग का निरीक्षण करने हेतु तदर्थ निरीक्षक थी; अतिथि वक्ता : 'रोल ऑफ नर्स प्रैक्टिशनर्स इन मैटरनल एंड न्यूबोर्न हैल्थ' पर तथ्य'; मातृ एवं नवजात मृत्युदर और अस्वस्थता दर में कमी करने के लिए 'एवीडेन्स फॉर एक्शन' विषय पर संगोष्ठी में अतिथि वक्ता, मानव प्रजनन पर वि.स्वा.सं. का सहयोगी केंद्र, प्रसूति एवं स्त्रीरोग विज्ञान विभाग, एम्स, नई दिल्ली, दिसंबर 2010.

फिलोमिना थॉमस ने नर्सिंग शिक्षा एवं अनुसंधान पद्धतिविज्ञान में मूल्यांकन पर इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय में दो पत्र प्रस्तुत किए; उन्होंने स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के देशान्तरण पर स्रोत देश संदर्भ पर कनैडियन स्वास्थ्य अनुसंधान संस्थान (सी.आई. एच.आर.) प्रायोजित परियोजना के एक भाग के रूप में दो अंतर्राष्ट्रीय टेली-सम्मेलनों में भाग लिया।

शशि मेवार इंटरनेशनल सोसायटी फॉर हीमोडायलेसिस कॉन्फ्रैंस, नई दिल्ली के चौथे सम्मेलन में "हीमोडायलेसिस रोगी हेतु जीवन की गुणवत्ता में सुधार" विषय पर विशेषज्ञ-व्यक्ति थीं। वे नर्सिंग शिक्षा एवं प्रबंधन पर कार्यशालाओं हेतु 3 सत्रों के लिए विशेषज्ञ-व्यक्ति थीं।

8. अनुसंधान अनुभाग

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान को प्रदत्त शासनादेश के अनुसार, अनुसंधान को एक महत्वपूर्ण घटक माना गया है। संस्थान, आधारभूत एवं अनुप्रयुक्त स्वास्थ्य विज्ञान दोनों क्षेत्रों में उच्च - गुणवत्ता अनुसंधान संचालन में सबसे अग्रणी है। समीक्ष्य वर्ष के दौरान संस्थान के संकाय वर्ग द्वारा राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों से विभिन्न अनुसंधान परियोजनाओं के लिए लगभग 73 करोड़ रुपए की राशि का बाह्य अनुदान प्राप्त किया। वर्तमान में 622 बाह्य निधिकृत परियोजनाएं अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में चलाई जा रही है।

अनुसंधान अनुभाग में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में आयोजित सभी बाह्य अनुसंधानों से संबंधित प्रशासनिक कार्य किया जाता है। अनुसंधान सलाहकार परिषद् का गठन निदेशक महोदय द्वारा निम्नानुसार किया गया हैं :-

अनुसंधान सलाहकार परिषद (मूलभूत चिकित्सा / संबद्ध विज्ञान)

1.	आचार्य आर. सी. डेका, निदेशक, एम्स	अध्यक्ष
2.	प्रो. कृष्णन एन. गणेश, निदेशक भारतीय विज्ञान और अनुसंधान संस्थान, पुणे	सदस्य
3.	डॉ. सी. आर. भाटिया, निदेशक, जैव रसायन समूह भाभा एटोमिक रिसर्च सेंटर, मुंबई	सदस्य
4.	आचार्य एन. आर. जगन्नाथ, प्रमुख, एनएमआर सुविधा, एम्स	सदस्य
5.	आचार्य एस. पी. त्यागराजन, निदेशक और मुख्य सलाहकार, श्री रामचंदन यूनिवर्सिटी, पोरुर, चैन्नई	सदस्य
6.	आचार्य बलराम भार्गव, हृद रोग विज्ञान/ स्टेनफोर्ड इण्डिया बायो-डिजाइन, एम्स	सदस्य
7.	आचार्य आनंद मोहन, आचार्य, विद्युत प्रौद्योगिकी संस्थान, बीएचयू, वाराणसी	सदस्य
8.	आचार्य मधु खुल्लर, प्रायोगिक कायचिकित्सा विभाग पीजीआईएमईआर, चण्डीगढ़	सदस्य
9.	आचार्य ए. बी. डे, संकायाध्यक्ष, अनुसंधान अनुभाग, एम्स	सदस्य-सचिव

अनुसंधान सलाहकार परिषद (क्लिनिकल)

1.	आचार्य, आर. सी. डेका, निदेशक, एम्स	अध्यक्ष
2.	आचार्य टी. एम. मोहपात्रा, निदेशक, आईएमएस-बीएचयू वाराणसी	सदस्य
3.	आचार्य एस. के. शंकर, निदेशक, एनआईएमएचएएनएस, बैंगलोर	सदस्य
4.	आचार्य, एम. एम. कपूर, पूर्व आचार्य, शल्य चिकित्सा, एम्स	सदस्य
5.	आचार्य एस. के. पांडा, प्रमुख, विकृति विज्ञान विभाग, एम्स	सदस्य

6.	आचार्य, नरेंद्र के. अरोड़ा, कार्यकारी निदेशक इनक्लेन ट्रस्ट इण्डिया, नई दिल्ली	सदस्य
7.	आचार्य, के. एम. श्याम प्रसाद, कुलपति मार्टिन एल. क्रिश्चियन विश्वविद्यालय, शिलांग, मेघालय	सदस्य
8.	आचार्य नीरज के. सेठ, वरिष्ठ सलाहकार (स्वास्थ्य) योजना आयोग, नई दिल्ली	सदस्य
9.	आचार्य, ए. बी. डे, संकायाध्यक्ष, अनुसंधान अनुभाग, एम्स	सदस्य-सचिव

जारी तथा पूरी हो चुकी अनुसंधान परियोजनाओं की सूची से संबंधित जानकारी प्रधान अन्वेषकों के विभाग/केंद्र में उपलब्ध है।

9.1 संवेदनाहरण विज्ञान

आचार्य एवं अध्यक्ष

चन्द्रलेखा

आचार्य

एम.के. अरोड़ा
डी.के. पवार
रविन्द्र कुमार बत्रा
एस. राजेश्वरी
अंजन त्रिखा
माया देहरान
लोकेश कश्यप
दिलीप शिंदे

अपर आचार्य

विरेन्द्र के. मोहन
विम्मी रेवाड़ी
वनलाल एम. दारलोंग
रानी ए. सुन्दर

सह-आचार्य

ए.पी. भल्ला
आर. पांडे
अंजोली छाबड़ा
ज्योत्सना पुंज

9.2 शरीर रचना विज्ञान

आचार्य एवं अध्यक्ष

रानी कुमार

आचार्य

शशि वधवा	आर. डी. मेहरा	टी. एस. रॉय

अपर आचार्य

ए. शरीफ	पुष्पा धर	एस. बी. रे
टी. के. दास	रीमा दादा	अरुंधती शर्मा
(इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोपी)	डॉ. रेणु ढींगरा	(जेनेटिक्स)

सह-आचार्य

टी. सी. नाग		रितु सहगल
(इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोपी)		

शिक्षा

स्नातक-पूर्व

विभाग एम. बी. बी. एस., बी. एस. सी. (ऑनर्स) नर्सिंग, पोस्ट सर्टिफिकेट नर्सिंग, नेत्र विज्ञान, विकिरण विज्ञान तकनीक तथा वाक् चिकित्सोपचार प्रशिक्षण पाठ्यक्रम चलाता है। अनेक एम. बी. बी. एस. विद्यार्थियों ने किशोर वैज्ञानिक पुरस्कार योजना (के वी पी वाई) के तहत ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण फैलोशिप कार्यक्रम में भाग लिया तथा एक विद्यार्थी को फैलोशिप प्रदान की गई।

स्नातकोत्तर

विभाग के एम डी, एम एस सी एवं पी एच डी शरीर रचना विज्ञान के विद्यार्थियों को प्रशिक्षण देने के अलावा विभाग ने जैव प्रौद्योगिकी विभाग, एम्स के स्नातकोत्तर विद्यार्थियों के लिए मानव आनुवांशिकी पर पाठ्यक्रम चलाया। संकाय ने जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर के एम एस सी विद्यार्थियों को तंत्रिका विज्ञान, मानव आण्विक आनुवंशिकी और इम्ब्रायोलॉजी पर कई व्याख्यान दिए। संकाय ने राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड द्वारा अप्रैल, 2010 में आयोजित टेलीकन्फ्रेंस (ज्ञान दर्शन पर इग्नू में आयोजित) के दौरान स्नातकोत्तरों के लिए शरीर रचना विज्ञान पर भी व्याख्यान दिए।

